# कलीसिया की संगति

टिप्पणियाँ —

## कलीसिया की संगतिः पाठ्यक्रम

**कक्षा #१:**

I. परिचय।
II. प्रारम्भिक कलीसियाओं में संगति।
III. कलीसिया की संगति की आवश्यकता, स्वभाव और उसकी उपेक्षाः
   क) खण्ड III का परिचय।

**कक्षा #२:**

III. कलीसिया की संगति की आवश्यकता,स्वभाव और उसकी उपेक्षाः (आगे..)
   ख. कलीसिया की संगति की आवश्यकता।

**कक्षा #३:**

III. कलीसिया की संगति की आवश्यकता, स्वभाव और उसकी उपेक्षाः (आगे..)
   ग. कलीसिया की संगति का स्वभाव
   घ. कलीसिया की संगति की उपेक्षा।

**कक्षा #४:**

III. कलीसिया की संगति की आवश्यकता, स्वभाव और उसकी उपेक्षाः (आगे..)
   घ. कलीसिया की संगति की उपेक्षा (आगे..)
   ङ. निष्कर्ष।
IV. A आधुनिक दिनों में अनुप्रयोगः मसीही संगति और जनजातियता।
   क. परिचय।
   ख. निष्ठा।
   ग. एक परिवार के अभिप्राय।

**कक्षा #५:**

IV. एक आधुनिक दिन में अनुप्रयोगः मसीही संगति और जनजातियता।
   घ. प्रभु भोज।
   परीक्षा।

टिप्पणियाँ —

## कलीसिया की संगतिः परीक्षा

### सम्भावित २० बिन्दुओं वाले प्रश्न

१) संगति के भीतर, बाहर और साथ में साझा की जाने वाली बातों के बारे में बताते हुए संगति को साझा करने का वर्णन करें ।(pp. १५६, १५७).

२) वर्णन करें कि कलीसिया में साक्षी बनने के लिए संगति कैसे महत्वपूर्ण या आवश्यक है (पृष्ठ १६७-१७०)।

३) वर्णन करें कि संगति किस तरीके से रिश्तों पर आधारित होती है (पृष्ठ १८१-१८४)।

४) वर्णन करने कि किस प्रकार अंगीकार करने का भय संगति करने में बाधा बनता है। (पृष्ठ १८८-१९०)।

५) कलीसिया के अन्दर संगति को प्रोत्साहित करने के लिए मसीही की एक देह के विचार का उपयोग करें। (१९९-२००)।

६) १कुरि ११:२७ के अनुसार "अनुचित तरीके" का क्या अर्थ है (पृष्ठ २०३-२०५)?

### सम्भावित २० बिन्दुओं वाले प्रश्न

१) प्रारम्भिक कलीसिया में संगति "रहस्यों" में एक का संक्षिप्त वर्णन करें (पृष्ठ संख्या १५७-१५९)।

२) तीन ऐसे पदों का हवाला दें जिसमें "एक दूसरे" के लिए निर्देश दिये हों।(पेज १६५)।

३) संक्षेप में इस बात का वर्णन करे कि "सन्त" शब्द का अर्थ सर्वदा बहुवचन में होता है। (पृष्ठ १७१)।

४) "कोईनोनिया" का अर्थ क्या होता है (पृष्ठ १७९- १८०)

५) संगति में आने वाली दो प्रमुख बाधाओं को लिए और उनका वर्णन करें (पृष्ठ १८५)।

६) तीन ऐसे भय की सूची तैयार करें जिससे संगति में बाधा पड़ती है (पृष्ठ १८५-१८८)

७) इस वाक्य पर संक्षिप्त टिप्पणी दें: " हमें संगति बनाने की जरूरत नहीं है। हम पहले से ही एक संगति में हैं (पृष्ठ १९२)।

८) "जनजातियता" को परिभाषित करें। (पृष्ठ १९४-१९५)।

९) पूर्णधारणा के विरूद्ध बहस करने के लिए इफिसियों २:११-२२ का इस्तेमाल करें।

१०) कुरिन्थियों की कलीसिया में पाये जाने वाले विभाजन के तीन कारण बताएं (पृष्ठ २०१,२०२)।

११) १कुरिन्थियों ११:२९ में "देह को सही तरीके से न पहिचाने" का क्या अर्थ है (पृष्ठ २०६)?

१२) जनजातियता की समस्याओं का समाधान क्या है (पृष्ठ २०७)?

# कलीसिया की संगति

टिप्पणियाँ —

**I. परिचय।**

क. **संगति की शक्ति (साझा करना और एक साथ रहना)।**

१. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, अडोल्फ हिटलर के वैज्ञानिकों ने कुछ परीक्षण किये जिससे यह पता चल सके कि कैदियों से जानकारियां पता करने हेतू सबसे क्रूर सताव या अत्याचार क्या हो सकता है।

क. उन्हें ज्ञात हुआ कि एकान्तवास (अर्थात किसी को लोगों से बिल्कुल अलग रखना) सर्वाधिक प्रभावशाली अत्याचार है। कुछ दिन एकान्त में रहने के बाद, अधिकतर लोग शत्रु के साथ सहयोग कर लिया करते थे।

ख. "संगति" इंगलिश भाषा के एक पुराना शब्द है जिसका अर्थ है कि "साझा करना या एक साथ रहना है।"

ग. मनुष्यों को बहुतायत से संगति की जरूरत होती है। निश्चय ही संगति एक आवश्यकता से कहीं अधिक बढ़कर है। यह हमारे जीवन का एक जरूरी भाग है। हमारे लिए सामाजिक रिश्ते बना कर रखना बहुत जरूरी है। बिना संगति के हम लोग मर जाएगें।

१) अध्ययन बताते हैं कि नवजात शिशुओं पर भोजन के अभाव से अधिक लोगों से सम्पर्क में अभाव के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

२) एक नवजात बिना किसी मानवीय समपर्क और प्रेम की शिशु बिना भोजन के अधिक जीवित रह सकता है।

२. एकान्तवास; लोगों के साथ एक साथ मिलने और चीज़ों को साझा करने में अभाव) का परिणाम कमज़ोरी होता है। कैदी परीक्षा में फंसता और वह अपनी ईमानदारी की कीमत को त्याग देता है।

क. ठीक इसी प्रकार से जितने भी मसीही लोग दूसरों के साथ में आत्मिक संगति नहीं करते वे कमज़ोर हो जाएगें। वे जल्द ही अपनी कीमत को खो देगें और धीरे धीरे शत्रु की परीक्षाओं के शिकार हो जाएगे।

ख. मसीहियों का दूसरों के साथ मिलकर आत्मिक संगति करना एक आवश्यकता से भी बढ़कर हैं। यह मसीही जीवन का एक बुनियादी हिस्सा है। क्योंकि इसके बिना मसीहियत का कोई अस्तित्व नहीं है, क्योंकि इसके बिना मसीहीयत को उसकी पूर्णता में क्रियान्वित नहीं किया जा सकता।

टिप्पणियाँ –

ग. दूसरों के साथ आत्मिक संगति न होने के कारण आत्मिक जीवन मृतक हो जाता है। मसीही जन अकेले खड़ा हो सकता। परमेश्वर ने अपने लिए **लोगों** को बनाया है, केवल एक परमेश्वर **जन** को नहीं। उसका लक्ष्य **परिवार** बनाना है, कोई **व्यक्ति** बनाना नहीं।

**चर्चा का बिंदु**

एक मसीही के रूप में अकेले रहने के प्रभाव पर चर्चा करें और चर्चा करें कि किस प्रकार दूसरे विश्वासियों के साथ संगति करने से उन प्रभावों पर विजय प्राप्त करने में मदद मिलती है।

ख. **इस पाठ्यक्रम की विषय वस्तु।**

१. कलीसिया में संगति की आवश्यकता का अर्थ यह नहीं है कि कलीसिया में संगति है या उस संगति का अभ्यास करना आसान है।

२. कलीसिया के प्रारम्भ से ही हम देख सकते हैं कि परमेश्वर के परिवार में जीवन उस तरीके से नहीं व्यतीत किया गया है जिस तरह से उसे जिया जाना चाहिए। था। इतने बड़े परिवार में रहते हुए सभी के साथ मिलकर चलना कठिन होता हे।

**लेखक की टिप्पणीः**

**निम्नलिखित कविता के शब्दों में वास्तविकता की झलक पायी जाती हैः**

**सन्तों के साथ रहना हम सभी चाहते हैं,**
**वह वास्तव में महिमा से भरा हुआ समय होगा।**
**लेकिन सन्तों के साथ इस धरती पर समय बिताना,**
**एक अलग कहानी है।**

टिप्पणियाँ —

३. यह पाठ्यक्रम तीन खण्डों में बांटा गया हैः

क. प्रारम्भिक कलीसिया में संगति पर एक संक्षिप्त अध्ययन।

ख. बाइबल के अनुसार संगति के प्रति ईश्वरीय विचारों को गहन अध्ययन। इसके अन्तर्गत हम तीन विषयों पर ध्यान केन्द्रित करेंगें।

१) कलीसिया की संगति की **आवश्यकता।**

२) कलीसिया की संगति का **स्वभाव।**

३) कलीसिया की संगति की **उपेक्षा।**

ग. आधुनिक दिनों में कलीसिया की संगति के सिद्धान्त को अफ्रिका की कलीसिया में अफ्रिकी जनजातियों से जुड़ी एक समस्या को सुलझाने के लिए किया गया। यहां पर हम ध्यान देगें कि प्रकार से कलीसिया की संगति का विचार जनजातीय क्षेत्रों में पायी जाने वाली कलीसियाओं की सामान्य आत्मिक बीमारी का उपचार हो सकता है।

## II. प्रारम्भिक कलीसियाओं में संगति।

क. संगति की गवाही।

१. लूसियन (१२०-२०० A.D.) प्रारम्भिक कलीसियाओं का एक प्रसिद्ध ग्रीक लेखक था। वह मसीही नहीं था, लेकिन जब उसने मसीहियों के बीच में मज़बूत संगति को देखा तो उसने निम्नलिखित शब्दों को लिखाः

"यह देखना अविश्वसनीय है कि किस तरह से उस धर्म के कुछ जोश से भरे हुए लोग एक दूसरे की जरूरत के समय में मदद करने के लिए खड़े हो जाते हैं। वे कुछ भी नहीं रख छोड़ते। "उनके प्रथम विधिकर्ता ने उनके दिमाग में एक बात डाल दी है कि वे आपस में भाई हैं।"[१]

२. लूसियन एक नास्तिक था, लेकिन वह इस सच्चाई को नज़रअन्दाज़ नहीं कर पाया कि ये मसीही लोग अपनी संगति को लेकर अति गम्भीर थे।

३. मसीहियों के बीच में गम्भीर व स्वस्थ संगति प्रारम्भिक कलीसिया की एक महान गवाही थी। हमें आज अपने आप से पूछना चाहिएः "क्या हमारी कलीसियाओं में संगति गैरविश्वासियों के सामने एक प्रस्तुत कर पाती है?"

४. हम इस पाठ्यक्रम में बाद में देखेगें, संगति और सुसमाचार प्रचार करने का कार्य अपने आप में जुड़ा हुआ है।

टिप्पणियाँ —

**चर्चा का बिंदु**

क्या हमारी कलीसियाओं की संगति प्रारम्भिक कलीसियाओं की संगति से अलग है? यदि ऐसा है तो, आपके विचार से यह बदलाव क्यों आया?

ख. **संगति को साझा करना।**

१. भीतर साझा करना।

क. प्रारम्भिक कलीसिया में मसीहियों की यह समझ में आ गया था कि परमेश्वर के साथ संगति ही दूसरों का साथ संगति का आधार है (१यूहन्ना १:१-४)।

ख. दूसरों के साथ संगति यीशु मसीह की ईश्वरीयता में **सामान्य** विश्वास पर आधारित हैं।

ग. उनके संगति में "साझा किये जाने वाले" विश्वास **एक समान** हुआ करते थे। (यहूदा ३ तथा १तीमुथीयुस १:४ को देखें)।

२. बाहर साझा करना।

क. प्रारम्भिक कलीसियाओं में मसीहियों के पास "बाहर साझा करने वाली" चीज़ें **समान** हुआ करती थी।

ख. वे समान सुसमाचार बांटा करते थे (लूका ५:१०)।

ग. उनके पास एक जरूरतमन्द लोगों में सम्पत्ति या वस्तुओं को साझा करने की **समान** ज़िम्मेदारी थी।

टिप्पणियाँ —

३. **साथ** में साझा करना।

क. प्रारम्भिक कलीसिया के मसीही लोग एक दूसरे के साथ पारस्परिक ज़िम्मेदारियों और रिश्तों को "साथ में साझा" (फिलिप्पियों ४:१५ और रोमियों १५:२७)।

ख. रोमियों १:११,१२ पर ध्यान दें।

१) मसीहियों के बीच में एक हाथ दो दूसरे हाथ लो वाला सम्बन्ध था।

२) इस सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण शब्द "एक दूसरे के साथ" था (उसके लिए ग्रीक का शब्द "alaython" है)। कलीसिया में लोगों का व्यवहार नये नियम की आज्ञाओं पर आधारित था जिसमें यह शब्द भी शामिल था।

३) मसीहियों को "एक दूसरे" के साथ मिलकर कुछ कामों को करना था। उन्हें आपस में आदान प्रदान करना था। उन्हें "एक दूसरे" के साथ बांटना था। हम "एक दूसरे" आज्ञाओं का अधिक विस्तृत रूप में इसी पाठ्यक्रम में बाद में पढ़ेगें।

ग. **संगति के प्रमुख तत्व।** इस प्रकार की संगति कलीसिया के भीतर किस तरह से संभव हो पा रही थी?

१. सभी मसीही गवाह बने।

क. इस बात को सामान्य तौर पर स्वीकृत किया जाता व समझा जाता था कि मसीही एक साक्षी है। सामान्य तौर पर "साक्षी देने", अर्थात मसीह के लिए सार्वजनिक तौर पर बताने के द्वारा स्वाभाविक तौर पर मसीहियों के बीच में एक मज़बूत रिश्ता बन गया था।

ख. यह बात आज भी सत्य है। कलीसिया में संगति तब मज़बूत बनेगी जब सुसमाचार प्रचार कलीसिया के सदस्यों का प्रमुख कार्य बन जाएगा।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ –

२. स्वामी, भण्डारी बन गये।

क. धन और सम्पत्ति के क्षेत्र में उनकी सोच पूरी तरह से बदल गयी थी। मसीहियों की यह समझ में आ गया था कि सारी चीज़ों के स्वामी परमेश्वर हैं। वे अपने आप को केवल भौतिक वस्तुओं के भण्डारी के रूप में देखने लगे। इससे, निश्चय तौर पर उनकी संगति में बहुत प्रभाव पड़ा। उनके लिए भौतिक वस्तुओं को साझा करना इसलिए और भी आसान हो गया क्योंकि वे अपने आपको एक भण्डारी के रूप में देखने लगे।

ख. यह बात आज भी सत्य है। जितना अधिक हम अपने आप को भण्डारी के रूप् में देखेगें,उतना ही अधिक हम दूसरों के साथ चीज़ों को साझा करेंगे। साझा करना संगति का सार है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

३. यीशु के प्रति पवित्र जुनून के चलते अपने लाभ का विचार खत्म हो गया था।

क. क्रूस को गले लगा लिया गया। प्रारम्भिक मसीहियों को यह समझ में आ गया था कि मसीहियों का जीवन प्रतिदिन अपना क्रूस उठाकर चलने वाला जीवन है। उन्होंने अपनी अभिलाषों को त्याग दिया। जब आप अपने अहम और अभिलाषाओं को त्याग देते हैं तब आपके लिए दूसरों के साझा या संगति करना आसान हो जाता है।

ख. यह आज भी सत्य है। क्रूस हमें गम्भीर व सच्ची संगति करने के लिए मुक्त करती है। संगति की दिशा दूसरों की ओर होती है। क्रूस की दिशा दूसरों की ओर होती है। क्रूस और संगति भाई भाई हैं।

टिप्पणियाँ —

**अपना उदाहरण लिखें:**

४. वे छोटे समूहों में कार्य करते हैं।

क. प्रारम्भिक कलीसिया को यह समझ में आ गया था कि बिना छोटे समूहों के संगति मात्र एक सिद्धान्त (या केवल विचार) बनकर रह जाएगी। उन्होंने अपनी मसीहियत को छोटी छोटी घरेलू कलीसियाओं में आगे बढ़ाया। उनकी संगति वास्तविक सच्ची और प्रभावशाली थी।

ख. यह बात आज भी सत्य है। हम सैकड़ों लोगों के बीच में वह घनिष्ट रिश्ता नहीं कायम कर सकते जिसकी मांग नये नियम की आज्ञाएं करती हैं। हमें किसी न किसी तरीके से एक छोटे समूह का भाग होना चाहिए ताकि हम वास्तविक तौर पर संगति का अभ्यास कर सकें।

**चर्चा का बिन्दु:**

पिछले शिक्षाओं का उपयोग करते हुए संगति के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करें: अर्थात गवाही देने, भण्डारी बनने, अपने आप का इनकार करने, और छोटे समूहों में संगति पर चर्चा करें।

टिप्पणियाँ —

**III. आवश्यकता, स्वभाव और कलीसिया की संगति की उपेक्षा।**

**क.** खण्ड **III** का परिचय।

१. भजन संहिता १३३:१ का अध्ययन करें।

क. मसीही लोग संगति का आनन्द और आशीष का लाभ उठाने का चुनाव क्यों नहीं करते?

ख. शायद वास्तविक प्रश्न यह हैः "क्या एक मसीही जन के लिए यह संभव हो सकता है कि वह संगति की आशीष और आनन्द को नकार सके? क्या संगति मसीही जीवन का एक वैकल्पित पहलू है?

१) इस प्रश्न का बाइबल आधारित उत्तर नहीं है। संगति कोई विकल्प नहीं है, यह एक आज्ञा है।

२) अतः, भजन १३३ इन वचनों के साथ समाप्त होता हैः"क्योंकि यहोवा ने तो वहीं सदा के जीवन की आशीष ठहराई है।"

२. हमारे मनों को नया करना।

क. कई मसीही ऐसा सोचते हैं कि जिस प्रकार की संगति नये नियम की कलीसिया में दिखाई देती है वह एक मसीहीयत का एक "उर्ग" रूप है।

१) लेकिन, नये नियम के अनुच्छेदों में इस प्रकार से नहीं लिखा हुआ है। इस प्रकार की "उर्ग" मसीहियत का उल्लेख "सच्चाई" के रूप में किया गया है। नये नियम में संगति का स्वरूप "उर्ग" नहीं वरन "प्रासमिक" था।

२) उदाहरण के लिए, प्रेरितों के काम २:४४ को बहुत ही स्वाभाविक तौर पर प्रस्तुत किया गया है। हमें यहां पर कोई जबरजस्ती की जाने वाली संगति नज़र नहीं आती। इस संगति का आधार यह विचार है कि हम सभी का जन्म एक ही परिवार में हुआ है।

# कलीसिया की संगति

**लेखक का उदाहरणः**

एक भाई कभी अपनी बहन से नहीं कहताः चलो हम एक परिवार बनाने की कोशिश करते हैं। हम एक परिवार को बनाने के लिए एक मां, एक पिता और एक भाई ले आएंगे।"

परिवार मनुष्यों द्वारा कुछ टुकड़ों को जोड़कर नहीं बनाया जाता है, वरन वह परमेश्वर के द्वारा ठहराया जाता है।

एक पिता ने अपनी बेटी से पूछाः "क्या तुम खुश हो कि बिली तुम्हारा भाई है?" बेटी ने जवाब दियाः "सच कहूं, तो मेरे पास और कोई विकल्प नहीं है।"

**अपना उदाहारण लिखें:**

**टिप्पणियाँ** —

टिप्पणियाँ —

ख. हमारे आत्मिक परिवारों को लेकर हमारा दिमाग नया होना चाहिए।

१) कलीसिया में संगति कोई विकल्प नहीं है। यह एक ज़रूरी भाग है।

क) परमेश्वर की आज्ञा का पालन करने के लिए यह बहुत ज़रूरी है।

२) जिस प्रकार का आदान प्रदान हम नये नियम की कलीसिया की संगति में देखते हैं वह "उर्ग" नहीं है।"

क) जी हां, सांसारिक संगति से तुलना करके देखें तो यह वास्तव में उर्ग है।

ख) लेकिन अगर हम, इसकी बाइबल से जोड़कर देखें तो यह"प्रासमिक" है।

३) कलीसिया के सदस्यों को एक परिवार में संग रहने की आवश्यकता के अभिप्राय को समझने और उसे स्वीकार करने के लिए नया करना बहुत ज़रूरी है। परिवार एक साथ मिलकर समय बिताते और आपस में चीज़ों को साझा करते हैं। परिवार के सदस्य एक दूसरे के साथ अपना जीवन साझा करते हैं।

**चर्चा का बिंदु**

संगति की आवश्यकता और चर्चा उन अवरोधकों पर चर्चा करें जो मण्डली में संगति में समाज और संगति का निर्माण करने में बाधा डालते है।

## ख. कलीसिया की संगति की आवश्यकता।

१. सफल मसीही जीवन के लिए संगति की **आवश्यकता** होती है। यह मसीही जीवन की **प्राथमिकता** है।

क. **एक आवश्यकता।**

१) राल्फ मार्टिन, अपनी पुस्तक The Family and the Fellowship, में लिखते हैंः

मसीह में नये जीवन का पोषण करने तथा परिपक्वता हासिल करने के लिए सामाजिक ताने बाने की आवश्यकता होती है। मसीही जीवन केवल एक ऐसी मण्डली या समाज के पारस्परिक सम्बन्धों पर आधारित हो सकता है जहां पर एक पक्ष अपना सहयोग देता है और दूसरे से सहयोग लेने की अपेक्षा करता है।"[२]

टिप्पणियाँ —

२) इफिसियों ४:१५,१६ में पौलुस, मसीह की देह को एक ऐसे वाहन के रूप में देखता है जिस पर सवार होकर एक मसीही लोग सिद्ध बनते हैं।

३) मसीह की देह में उसके सदस्यों के बीच पारस्परिक क्रियाओं अर्थात संगति की आवश्यकता पड़ती है( नीतिवचन २७:१७)।

४) मसीह की देह का विचार का अर्थ कलीसिया में सहयोग या तालमेल है।

क) तालमेल एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें सब लोगों के द्वारा मिलकर किये गये कार्यो का परिणाम व्यक्तिगत तौर पर किये गये कार्यों के परिणामों से उत्तम होता है (सभोपदेशक ४:९-१२)।

ख) यह एक प्रचारक और एक शिक्षक द्वारा मिलकर किये गये कार्यों का परिणाम होता है। उनके द्वारा साथ मिलकर की गयी सेवकाईयों का परिणाम अकेले की गयी सेवकाईयों से उत्तम होता है। वे एक दूसरे के पूरक बनते हैं और एक दूसरे की सेवकाई को बढ़ाते हैं।

ग) तालमेल के लिए संगति की आवश्यकता होती है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ —

५) कलीसिया का अर्थ "बुलाएं हुए लोगों का समूह" है। (यह नये नियम में ग्रीक शब्द 'चर्च' इकलीसिया का सीधा अनुवाद है।)

क) जब पौलुस इफिसियों ४:१ में "बुलाए गये लोगों" को इफिसयों ४:२ में दिये गये निर्देशों के आधार पर लिखता है।

ख) इफिसियों ४:२ को पढ़ें।

(१) बुलाए गए लोगों का समूह (अर्थात मण्डली या चर्च) बनने के लिए "बुलाए गये लोगों का" एक दूसरे के साथ संगति करना आवश्यक होता है।

(२) जब हमें कलीसिया में दिये गये अनेकों निर्देशों के स्वभाव को देखने लगते हैं तब हमें संगति की आवश्यकता महसूस होने लगती है।

(३) जब हम इफिसियों ४:२ को देखते हैं तो, कलीसिया को दिये गये बहुत से निर्देश "एक दूसरे" के लिए लिखे गये हैं। वे ऐसे निर्देश हैं जिनमें हमें कुछ "alaython" अर्थात (एक दूसरे के लिए) कार्य करने पड़ते हैं।

**चर्चा का बिंदु**

नये नियम में पाये जाने वाले "एक दूसरे के लिए" निर्देशों के मानचित्र को देखें। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रों का इस्तेमाल करें। उनसे पूछें कि क्या वे वास्तव में उन कामों को कर रहे हैं जिसकी उनसे एक मसीही होने के नाते किये जाने की अपेक्षा की जा रही है। उन्हें याद दिलाएं कि संगति का अभ्यास करने के लिए "एक दूसरे" निर्देशों का पालन होना बहुत ज़रूरी है।

# कलीसिया की संगति

| "एक दूसरे" की आवश्कताएँ | वचन |
|---|---|
| **एक दूसरे** के प्रति समर्पण | रोमियों १२:१० |
| **एक दूसरे** को प्राथमिकता दें | रोमियों १२:१० |
| **एक दूसरे** के प्रति एक समान मन रखें | रोमियों १२:१६ |
| **एक दूसरे** को ग्रहण करें | रोमियों १५:७ |
| **एक दूसरे** का चेताएं | रोमियों १५:१४ |
| **एक दूसरे** का अभिनन्दन करें(लगाव दिखाएं) | रोमियों १६:१६ |
| **एक दूसरे** की प्रतीक्षा करें (शिष्टाचार, आदर)। | १कुरि. ११:३३ |
| **एक दूसरे** की चिन्ता करें | १कुरि. १२:२५ |
| **एक दूसरे** की सेवा कर | गला. १५:१३ |
| **एक दूसरे** के बोझों को उठाएं | गला. ६:२ |
| **एक दूसरे** के प्रोत्साहाति व विकसित करें। | १थिस्स. ५:११ |
| **एक दूसरे** के साथ शान्ति बनाकर रखें | १थिस्स. ५:१३ |
| **एक दूसरे** के लिए भलाई को खोजें | १थिस्स. ५:१५ |
| **एक दूसरे** की सह लें | इफि. ४:२ |
| **एक दूसरे** के प्रति कृपालु रहें | इफि. ४:३२ |
| **एक दूसरे** के अधीन रहें | इफि. ५:२१ |
| **एक दूसरे** की सहना और उन्हें क्षमा करना | कुलु. ३:१३ |
| **एक दूसरे** के सामने अपने गुनाहों का अंगीकार करें | याकूब ५:१६ |
| **एक दूसरे** के लिए प्रार्थना करें | याकूब ५:१६ |
| **एक दूसरे** से प्रेम करें | १ पतरस १:२२ |
| **एक दूसरे** की मेज़बानी करें | १ पतरस ४:९ |
| **एक दूसरे** के प्रति विनम्र बनें | १ पतरस ५:५ |
| **एक दूसरे** के साथ संगति करें | १ यूहन्ना १:७ |

**टिप्पणियाँ** —

टिप्पणियाँ –

७) डेविड वाट्सन, ने अपनी पुस्तक Called and Committed में इस प्रकारः "सभी शिष्यों के लिए यह मसीही समाज का बोध पहली शताब्दी में इतना मज़बूत और मौलिक था कि कलीसिया के अलावा कहीं पर भी मुक्ति मिलना असम्भव लगता था।"[3]

क) यह संगति के प्रति इस प्रकार के समर्पण की वास्तविकता थी जिसने मौलिक रूप में किसी नयी तथा अलग महसूस होने वाली चीज़ का बोध कराया।

(१) स्ंगति कलीसिया का आवश्यक और प्रत्यक्ष पहलू था।

(२) प्रारम्भिक चेलों की "कलीसिया" के प्रति समझ बिना संगति के पूरी तरह से नष्ट हो जाती ।

ख) १कुरिन्थियों ५ में संगति की आवश्यकता के पूरी तरह से समझा गया।

(१) संगति से अलग होने को अनुशासन की गम्भीर अवहेलना माना जाता था।

(२) इस प्रकार के व्यवहारों को प्रभावशाली बनाने के लिए, संगति का विद्यमान होना जरूरी था। यह एक तर्कसंगत आवश्यकता थी।

**चर्चा का बिन्दु**

संगति की आवश्यकता से सम्बन्धित पिछले विचारों और शिक्षाओं का उपयोग करते हुए चर्चा करने तथा प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें।

टिप्पणियाँ —

ख. **प्राथमिकता।**

१) हावर्ड स्नाइडर अपनी पुस्तक The Community of the King,[४] में संगति को चार बाइबल आधारित सत्यों पर संगति की प्राथमिकता को स्थापित करता है।

क) परमेश्वर के लोगों का दृष्टिकोण।

ख) मसीह का आदर्श उसके चेलों के साथ।

ग) आरम्भिक कलीसिया का उदाहरण।

घ) यीशु और प्ररितों की शिक्षा।

२) जॉन वेस्ली (मैथोडिस्ट मूव्मेंट के संस्थापक) को छोटी संगति समूह बनने के अलावा कोई विकल्प नहीं दिख रहा था क्योंकि उन्होंने पिछले बार सत्यों पर विचार किया और उनको लागू किया। संगति इस जागृति के अन्तर्गत आन्दोलन को विकसित करने का केन्द्र बिन्दु था।

३) हावर्ड स्नाइडर सुझाव देते हैं कि यीशु चेलों के समुदाय को तैयार करने में अधिक समय लगाते थे बनिस्बत सुसमाचार की घोषणा करने में।[५] वास्तव में, हमें संगति को अपने मसीही जीवन में प्राथमिकता देनी चाहिए।

**चर्चा का बिन्दु**

संगति की प्राथमिकता को पिछली धारणा का इस्तेमाल करते हुए विचार विमर्श करें।

२. संगति कलीसिया के जीवन के लिए **महत्वपूर्ण** है, यह कलीसिया की गवाही में **आवश्यक** है।

क. **महत्वपूर्ण।**

१) कलीसिया एक ऐसी देह है जिसके द्वारा यीशु इस पृथ्वी पर निरन्तर कार्य करते हैं।

२) संगति कोई देह के ऊपर कोई अतिरिक्त भार नहीं है जिसे हम लेके चलें।

टिप्पणियाँ —

३) संगति एक अस्थि-बंधन की नसों की तरह है जो शरीर के विभिन्न हिस्सों को एक साथ जोड़ते हैं।

क) यदि अस्थि-बंधन न हो तो शरीर एक साथ नहीं रह सकता। यदि संगति न हो तो कलीसिया अलग-अलग हिस्सों में बिखर जाएगी।

ख) शरीर के लिए की वह काम करती रहे, अंगों को एक साथ जुड़े रहना पड़ेगा। वैसे ही कलीसिया को भी जैसे काम करन चाहिए, सदस्यों को एकता में बना रहना पड़ेगा। वे एक दूसरे से जुडे रहे यह संगति के द्वारा ही हो सकता है।

**अपने उदाहरण को लिखें:**

ख. **अतिअवश्यक।**

१) डेविड वॉट्सॉन लिखते हैं:

"हम एक व्यक्तिगत महत्वहीनता के युग में और बहुत बड़े अकेलेपन में जी रहे है। पहले से कही अधिक कलीसिया को मसीह शिष्यता के समुदाय की प्राथमिकता को पुनः प्राप्त करने की आवश्यकता है।"[६]

क) वाटसन की बात स्पष्ट है, की कलीसिया के पास एक महान अवसर है कि संसार ने बहुत से लोगों को अकेला और वास्तविक संगति से भूखा छोड़ दिया है।

ख) कलीसिया ही एक वह जगह है जो उनके खाली जीवनों को भर सकती है।

टिप्पणियाँ —

२) संगति और सुसमाचार प्रचार।

क) संगति, प्रचार करने की सेवकाई का सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य है।

(१) मुख्य केन्द्र ये नहीं है कि लोगों को परिवर्तन करें, ये लोगों को अनुशासित करना भी नहीं है। संगति का मुख्य केन्द्र यह है कि दूसरों को परमेश्वर के परिवार में आना है। ये वैसा है कि दूसरों को मसीह की देह में और उस देह की संगति में लेके आना है।

(२) यीशु अपनी कलीसिया बनाने आए थे। वह परमेश्वर के लोगों को (समुदाय) बनाए आए थे। वास्तव में यह हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए और यह **बाइबल आधारित** कलीसिया की उन्नति के लिए प्रेरणा है।

ख) संगति, प्रचार करने की सेवकाई का आधार है।

(१) हमारे पास लोगों को देने के लिए कुछ होना चाहिए।.

(२) वॉटसॉन लिखते हैं:

"जब तक परमेश्वर का राज्य हमारे प्रेम के संबंधों में प्रकट नहीं होता, तब तक इस अविश्वासी और टूटे हुए संसार को विश्वसनीय देने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं है।"[७]

(३) यूहन्ना १३:३५ बताता है कि एक दूसरे के प्रति हमारा प्रेम संसार के लिए इस बात का प्रमाण है कि हम परमेश्वर की सन्तान हैं।

(४) हमारी विश्वसनीयता (और सुसमाचार की विश्वसनीयता) इस बात पर निर्भर करती है कि हम एक दूसरे के प्रति प्रेम को कैसे प्रकट करते हैं।

(क) यदि संसार हम को एक दूसरे के प्रति प्रेम दिखाते हुए नहीं देख सकता, तो हमारे प्रेम के संदेश पर क्यों विश्वास करेगा?

(ख) परमेश्वर का स्वभाव त्रीएकता में है और त्रीएकता में तत्च संगति है।

(ग) यदि कलीसिया संगति के परमेश्वर को प्रस्तुत करना चाहती है, तो वह उसी संगति की आत्मा का प्रगटीकरण करें।

टिप्पणियाँ –

**लेखक का उदाहरण:**

एक व्यवसाय जो अस्तित्व में नहीं है वह एक गैर-मौजूद व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए विज्ञापन नहीं करता।

इंजीलवाद उसका प्रसार करने वाले समुदाय के बिना उस व्यवसाय के समान है जो बिना किसी को बताए अपने व्यवसाय का विज्ञापन करता है।

ग्राहक व्यवसाय की तरफ विज्ञापन की वजह से आकर्षित होता है, हालांकि जब वह व्यवसाय के विज्ञापित स्थान पर पहुंचता है, तब उसको पता चलता है कि वह वस्तु तो है ही नहीं यह तो झूठा विज्ञापन है।

दुर्भाग्य से, कई बार मसीह समुदाय के साथ ऐसी घटना घटती है। जब नया विश्वासी सुसमाचार सुनता है और वह कलीसिया की तरफ आकर्षित होता है। हालांकि जब वह पहुंचता है वह तुरन्त देख लेता है कि परमेश्वर का परिवार ठण्डे और बेपरवाह विज्ञापन (सुसमाचार प्रचार) का हिस्सा है। और वह चाहे तो चिल्ला कर स्पष्ट रूप से कह सकता है, **झूठा विज्ञापन है।**

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा का बिन्दु**

चर्चा करें कि संगति कलीसियाई जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है और कलीसिया की गवाही के लिए अतिअवश्यक है। किसी भी प्रश्न का उत्तर दें।

टिप्पणियाँ —

३. संगति परमेश्वर के वचनों में **स्वीकृत** और उसकी योजना में **निहित** होती है।

क. स्वीकृत।

१) नये नियम में, बाइबल में विश्वासियों को "सन्तों" के रूप में सम्बोधित किया गया है।

क) ६२ बार इस सम्बोधन का इस्तेमाल किया गया है, और ६१ बार "सन्त" का इस्तेमाल बहुवचन में किया गया है।

ख) इस केवल एक ही अपवाद हमें फिलि.४:२१ में दिखाई देता है "हर एक सन्त" को नमस्कार करो। लेकिन अपवाद होने के बाद भी इसका अर्थ बहुवचन में ही है।

२) बाइबल विश्वासियों की संगति को स्वीकार करती है। वह परमेश्वर के लोगों के बहुवचन को स्वीकार करती है।

क) बाइबल मानती है कि परमेश्वर के लोग मण्डली या समूह होता है, कोई एक व्यक्ति नहीं।

ख) यह विश्वास किया जाता है कि कलीसिया एक संगति करने वाला समाज है, कोई जन नहीं है।

ख. **निहित होना।** संगति उन लोगों के बीच में निहित होती है जो तीन पहलुओं से परमेश्वर की योजना में हैं।

१) जितनें लोग सृष्टि में आते हैं उन सभी में संगति वास करती है।

क) उत्पत्ति १:२६ का अध्ययन करें।

(१) ध्यान रखें कि हमें "हमारे" स्वरूप में बनाया गया है।

(२) निश्चय ही, "हमारे" त्रीएकता को दर्शाता है। याद रखें कि त्रीएकता का सार सम्बन्ध है। त्रीएकता सिद्ध समुदाय (संगति) को दर्शाता है। "हमारे" स्वरूप में बनाए जाने का अर्थ सिद्ध संगति में बनाया जाना है।

टिप्पणियाँ —

ख) अब उत्पत्ति १:२७ का अध्ययन करें।

(१) क्योंकि यह सब कुछ सत्य है, तो मनुष्य एक संगति में रहने के लिए बनाया गया है। उसे आदमी और औरत के रूप में तैयार किया गया है।

(२) आदमी अपने आप में, अधूरा था। इसलिए, परमेश्वर ने उसके लिए सबसे बुनियादी समुदाय या संगति (विवाह) तैयार किया।

(३) निश्चय ही, संगति उन लोगों को विरासत में मिली है जो लोग इस सृष्टि के भाग हैं। हमें एक सामाजिक प्राणी के रूप में तैयार किया गया है। एक बार फिर से इस चिकित्सीय तथ्य पर ध्यान दें कि एक नवजात शिशु को भोजन देकर भी यदि कुछ सप्ताहों के लिए अकेला छोड़ दिया जाए जो वह मर जाएगा।

२) जितने लोग पतन में शामिल हैं उनमें भी संगति निहित है।

क) मनुष्य अपने स्वभाव से ही एक सामाजिक प्राणी है। लेकिन, मनुष्य के पाप में गिरने के कारण उसका स्वभाव नष्ट हो गया। वह अपने आप से वह दूसरों से भी अनजान हो गया।

ख) फिर भी, हम पाप में गिरे लोगों में संगति विद्यमान है क्योंकि हमारा स्वभाव समान है।

(१) हम सभी लोग पापी हैं (रोमियों ३:२३)

(२) इसका केवल एक ही समाधान है (यूहन्ना १४:६)।

(३) हमारी एक **सामान्य समस्या** है और उसका समाधान भी सामान्य है।

(४) यह संगति का एक आधार है (१कुरिन्थियों १०:१७ पर ध्यान दें)। यही बात संसार में सत्य है।

# कलीसिया की संगति

**लेखक का उदारहणः**

कई मज़बूत समुदायों या समूह के लोगों में एक सामान्य समस्या उत्पन्न हुई और उनका समाधान भी सामान्य है।

पियक्कड़ चालकों के विरूद्ध माताएं। (एक युवक की माँ के द्वारा तैयार किया एक कार्यक्रम जिसका बेटा पियक्कड़ चालक की वजह से सड़क दुर्घटना में मर गया था)

पड़ोस में होने वाले अपराधों पर नज़र रखने वाले दल। (स्थानीय क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए समूहों को तैयार किया गया)

रूस और अमेरिका के लोग विश्व युद्ध  और में एक साथ आ गये क्योंकि उन दोनों की एक ही समस्या थी, जिसका नाम था हिटलर, और उनकी इस समस्या के समाधान का नाम था "victory in the war" अर्थात "युद्ध में विजय"।

लोंगों को कलीसिया में एक साथ इकट्ठा करने करने का यह कार्य कितना अधिका कार्यकारी होना चाहिए। हमारे सामने एक सामान्य समस्या, और अनन्त प्रभाव डालने वाला एक सामान्य समाधान है, जो केवल कुछ ही समय के प्रभावशाली नहीं है।

**अपना उदाहरण यहाँ लिखेंः**

**टिप्पणियाँ –**

टिप्पणियाँ –

३) मसीह में आये हुए लोगों के भीतर संगति विद्यमान होती है।

क) यीशु अपने अनुयायियों से सर्वप्रथम पारस्परिक संगति चाहते हैं ।

ख) मरकुस ३:१४ में उद्देश्यों के क्रम का अध्ययन करें (उसके साथ बने रहें, और उसके बाद प्रचार करने के लिए बाहर जाएं।

(१) ध्यान दें कि समाज के द्वारा ही प्रसार कार्य आगे बढ़ता है। यीशु और दूसरों के साथ संगति का पहला स्थान है, क्योंकि जैसा कि हम ने देखा है, संगति ही सुसमाचार प्रचार व प्रसार का आधार है।

(२) याद रखें, कि जब यीशु ने लोगों को अपने साथ में रहने के लिए बुलाया तब उसने किसी एक व्यक्ति को नहीं बहुतला। उसने एक समूह को बुलाया। हां, यह समूह सारी चीज़ों को साझा करता है। वे अपने धन को समुदाय के लिए खर्च कर देते हैं। उनका उद्देश्य एक ही था। वे अपना समय खर्च, अपना आनन्द, अपने दुःखों को अपने जीत और अपने दुःखों को साझा किया करते थे।

ग) यूहन्ना १३:१५ का अध्ययन करें।

(१) यीशु ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि मण्डली को किस तरह से व्यवहार करना चाहिए। उसके बाद उसने मण्डली के सदस्यों को बताया कि उन्हें भी ऐसा ही काम करना चाहिए।

(२) यीशु ने मण्डली (संगति) के विचार बनाया, बताया कि यह मण्डली किस तरह से काम करेगी (नम्रता के सेवा) उसके बाद उसने मण्डली को आगे बढ़ने के लिए कहा। उसके बाद में,उसने आगे काम करने में सहायता करने के लिए आत्मा को भी भेज दिया।

**चर्चा का बिंदु**

पिछले विचारों का उपयोग करते हुए चर्चा करने हेतू प्रोत्साहित करें कि किस तरह से परमेश्वर के वचनों में संगति को ग्रहण किया जाता है और संगति कैसे परमेश्वर की योजना में निहित। किसी भी प्रश्न का उत्तर दें।

टिप्पणियाँ —

४. कलीसियाई संगति की आवश्यकताओं का निष्कर्ष।

क. हमें याद रखना चाहिए कि परमेश्वर के साथ हमारी संगति अन्य मसीहियों के साथ समिति का आधार होन चाहिए। (देखें १ यूहन्ना १:३)।

१) जैसे कलीसियाई संगति सुसमाचार प्रचार से पहले है, वैसे ही परमेश्वर को जानना कलीसिपाई संगति से पहले है।

२) इसमें दो महान अज्ञाओं की सूची में एक निश्चित क्रम है (देखें मत्ती २२:३७-३९)।

ख. पिछले बिंदुओं के प्रवाह की समीक्षा करें।

१) परमेश्वर के परिवार के सदस्यों में संगति की **ज़रूरत** है।

२) यह कोई कमतर ज़रूरत नहीं बल्कि **प्राथमिकता** है।

३) यह प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि यह कलीसिया के जीवन में **महत्वपूर्ण** है।

४) यह कलीसिया की उन्नति के लिए **आवश्यक** है।

५) यह इतना ज़्यादा महत्वपूर्ण और आवश्यक है कि ये परमेश्वर के वचन में **स्वीकार** किया गया है।

६) यह स्वीकार किया गया है क्योंकि ये परमेश्वर की उस योजना में **निहित** है कि हम उसमें कौन हैं।

ग. इसलिए इस खण्ड में समाप्त करने के लिए जो कलीसियाई संगति की आवश्यकताओं पर केन्द्रित है। संगति ज़रूरी है क्योंकि ये स्वाभाविक है। हमें स्वाभाविक रूप से भी एक दूसरे की संगति में बना रहना चाहिए। हम उसी परिवार में है!

**चर्चा का बिन्दु**

कलीसियाई संगति की आवश्यकताओं से संबंधित किसी भी प्रश्न या टिप्पणियों पर सक्षेप में चर्चा करें।

टिप्पणियाँ –

## C. कलीसिया की संगति का स्वभाव।

१. कलीसिया की संगति का स्वभाव का परिचय।

क. मसीही संगति मसीह पर केन्द्रित संगति होनी चाहिए।

ख. यह मसीह के जीवन को फैलानेवाली होनी चाहिए, जो तीन मुख्य गणों से पहचानी जाती है।

१) मसीह का जीवन क्रूस का जीवन है, उसी प्रकार हमारी संगति भी क्रूस पर आधारित होनी चाहिए।

२) मसीह का जीवन बॉटने का जीवन था, उसी प्रकार हमारी संगति भी बांटने (koinonia) वाली सगति पर आधारित होनी चाहिए।

३) मसीह का जीवन सम्बन्धों का जीवन था। उसी प्रकार, हमारी संगति भी सम्बन्धों पर आधारित होनी चाहिए।

२. क्रूस पर आधारित संगति।

क. क्रूस निस्वार्थपन को लाता है।

१) यीशु का जीवन निःस्वार्थ जीवन था (मरकुस १०:४५)।

क) उनका आना निःस्वार्थ कार्य था (फिलिप्पियों २:६,७)।

ख) उनकी मृत्यु निःस्वार्थ का समापन था (१तीमुथियुस २:६)।

२) बिना स्वयं का इन्कार किये, अधिकारों का त्यागे बिना और स्वयं के लिए मरे बिना, **मसीही** संगति होना असम्भव है। बल्कि हमारे पास इसके एक ईसाईकृत मानवतावादी समुदाय होगा।

क) मसीही संगति क्रूस पर केन्द्रित संगति है जो बशर्ते "agape" (अलौकिक) प्रेम पर आधारित है। ये स्वयं से बनाती है क्योंकि यह खुद से ही देती है।

ख) मानवतावादी संगति कूसरहित संगति है जो "phileo" (मानवीय) शर्तो पर आधारित प्रेम है। यह स्वयं से नाश हो जाती है क्योंकि ये स्वयं के लिए लेती है।

टिप्पणियाँ —

३) एक मसीही समुदाय अपने सदस्यों द्वारा जाना जाता है जो समुदाय की खातिर स्वेच्छा से अपने अधिकारों को त्याग देते हैं।

क) इसका अर्थ यह नहीं है कि हमारे पास कोई अधिकार नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है कि हम उन्हें संगति के लिए त्यागने को तैयार हैं (देखें १कुरि. ९:४-११,१२ और २थिस्सलुनीकियों ३:९)।

ख) जब अधिकारों को स्वार्थी रूप से धारण किया जाता है, तब सेवा, प्रेम और संगति को आमतौर पर त्यागना पड़ता है।

अपना उदाहरण लिखें:

**चर्चा का बिंदु**

संगति और निस्वार्थता के बारे में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित आरेख का प्रयोग करें।




नोटः मसीही समुदाय में, जब क्रूस बढ़ता है तो संगति बढ़ जाती है। एक "क्रूस समुदाय" मज़बूत समुदाय के बराबर होता है। जैसे-जैसे स्वयं की मृत्यु होती है, संगति का जीवन बढ़ता चला जाता है।

नोटः मानवतावादी समुदाय में, जब क्रूस घटता है तो संगति भी घटती जाती है। "बिना क्रूस का समुदाय" एक कमज़ोर और नकली समुदाय के बराबर होता है। जैसे-जैसे स्वयं की मृत्यु घटती जाती है, संगति का जीवन घटता जाता है। क्रूस के बिना, संगति अंततः मर जाती है।

टिप्पणियाँ –

ख. क्रूस सेवा लाता है।

१) संगति दो अलग-अलग तरीकों से क्रूस पर आधारित है। दोनों तरीकों को समझने और उनका अभ्यास करने की आवश्यकता है।

२) यदि सेवा के बिना आत्म-त्याग का अभ्यास किया जाता है, तो इससे रहस्यवाद में जाने का खतरा होता है। मसीही जीवन को आत्म-त्याग पर नहीं रुकना चाहिए। इसे सेवा में जारी रखना चाहिए।

क) मसीही समुदाय एक "अन्य" उन्मुख समुदाय है।

(१) यह एक ऐसा समुदाय है जिसके सदस्य आदर दिखाने के लिए एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते हैं (रोमियों १२:१०)।

(२) यह एक ऐसा समुदाय है जिसके सदस्य एक-दूसरे को स्वयं से अधिक महत्वपूर्ण समझते हैं (फिलिप्पियों २:३)।

(३) यह एक ऐसा समुदाय है जो दूसरे की भलाई पर ध्यान केंद्रित करता है। किसी भी चीज़ से अधिक, इन सदस्यों को एक-दूसरे के प्रति अपने उत्तरदायित्व और एक-दूसरे को पहले रखने की इच्छा के प्रति जागरूक होना चाहिए।

ख) इसके सदस्य इसके संस्थापक की नकल करते हैं जिन्होंने मरकुस १०:४५ के शब्दों को कहा था।

(१) सेवा के माध्यम से समुदाय में प्राकृतिक अधिकार विकसित होते हैं।

(२) शासन और उत्पीड़न समुदाय का हिस्सा नहीं है।

ग) और इसलिए, समुदाय की संरचना अद्वितीय है। इसके अगुवे इसके सेवक हैं। अधिकार सेवा के चरित्र को धारण करता है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ —

**चर्चा का बिंदु**

संगति और सेवा के बारे में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए पिछली अवधारणाओं का उपयोग करें।

३. कोइनोनिया (सहभागिता) पर आधारित संगति।

क. पिन्तेकुस्त के दिन के बाद तक यूनानी शब्द "कोइनोनिया" का प्रयोग नहीं किया जाता है। प्रेरितों के काम १ जब लोगों का समूह एकत्रित हुआ तो एक अलग यूनानी शब्द का प्रयोग किया गया।

१) पिन्तेकुस्त के दिन के बाद "कोइनोनिया" शब्द का प्रयोग विश्वासियों की संगति का वर्णन करने के लिए किया जाता है।

२) नए नियम में जिस प्रकार की संगति की आवश्यकता है, उसे प्राप्त करने का एकमात्र तरीका यह है कि इसे आत्मा की सामर्थ्य में प्राप्त किया जाए जिसका प्रमाण रूपांतरित जीवन से है।

ख. ग्रीक शब्द "कोइनोनिया" को "सब कुछ समान" होने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

१) हमारे पास एक सामान्य समस्या और एक सामान्य समाधान है (१कुरिन्थियों १०:१७ "कोइनोनिया" शब्द का प्रयोग करता है)।

२) "कोइनोनिया" के आधार के रूप में इस "सामान्य स्थिति" की समझ फिलेमोन को पत्र लिखने की प्रेरणा देता है।

३) कोइनोनिया का हृदय बाँटना है।

४) हमारे पास एक साझा विश्वास (तीतुस १:३), एक साझा अनुग्रह (फिलिप्पियों १:७), और एक साझा उद्धार (यहूदा ३) है। इन चीज़ों से कोइनोनिया की नींव बनती है।

टिप्पणियाँ –

५) भौतिक संपत्ति का बँटवारा कोई नियम नहीं था। यह एक इच्छा थी। यह दायित्व के सम्बन्ध में नहीं किया गया था। यह विशेषाधिकार के सम्बन्ध में किया गया था (देखें प्रेरितों के काम २:४३-४७ और ४:३२-३५)।

क) कोइनोनिया का विचार बहुत पूर्ण है। इसमें जीवन के हर पहलू में साझा करना शामिल है। डेविड वॉटसन निम्नलिखित चुनौती पेश करते हैं:

"यह विचित्र बयान आज कई कलीसिया की संगति की अल्पज्ञता को उजागर करता है। यह दिलचस्प है कि "कोइनोनिया" किसी अन्य संदर्भ की तुलना में धन या संपत्ति के बँटवारे के संदर्भ में अधिक बार होता है। इसका मतलब एक ही भजन गाने और एक ही कलीसिया की सभा में शामिल होने से कहीं अधिक है। इसमें हमारे जीवन की, और हमारे पास जो कुछ भी है, एक दूसरे के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता शामिल होगी।"[८]

ख) मसीही समुदाय को आज स्वयं को प्रेरितों के काम ४:३२ के वचन से चुनौती देनी चाहिए।

(१) संपत्ति का बँटवारा प्रेम को उंडेलने का एक तरीका था। यह एक परिवार का हिस्सा होने के सच्चे विश्वास और समझ की तार्किक प्रतिक्रिया थी। परिवार के सदस्य अपनी बातें साझा करते हैं। वे सब कुछ साझा करते हैं।

(२) संपत्ति का बँटवारा उस एकता की स्वीकृति और अभिव्यक्ति थी जिसे प्रारंभिक मसीही मसीह में आत्मा के द्वारा जानते थे।

(३) वास्तविक संगति के अस्तित्व के लिए, हमें इस बात से सहमत होना चाहिए कि हमारे भाई के पास उन चीजों के समान अधिकार हैं जो हमारे पिता ने हमें सौंपी हैं (प्रेरितों ४:३२ की समीक्षा करें)।

(क)संपत्ति साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए (साम्यवाद)। यह स्वयं में अंत नहीं है। यह एक लक्ष्य नहीं है।

(ख) इसके बजाय, यह एक ही पिता के भाइयों और बहनों के सच्चे सम्बन्ध की ईमानदारी से स्वीकृति की एक स्वभाविक प्रतिक्रिया है।

टिप्पणियाँ –

अपना उदाहरण लिखें:

**चर्चा का बिंदु**

संगति और सहभागिता के बारे में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए पिछली अवधारणाओं का उपयोग करें। किसी भी प्रश्न का उत्तर दें।

४. सम्बन्ध पर आधारित संगति।

क. सम्बन्ध शब्द एक गहरा शब्द है। विशेष रूप से मसीहियों के बीच, इसके अर्थ और अभिव्यक्ति को अल्पज्ञता से बचना चाहिए। यह वास्तविक होना चाहिए।

# कलीसिया की संगति

टिप्पणियाँ —

**लेखक की टिप्पणी:**

कुछ मसीही सोचते हैं कि सम्बन्ध का सीधा अर्थ है एक साथ आइसक्रीम खाना। उदाहरण के लिए, कई उत्तरी अमेरिकी कलीसियाओं में एक "संगति" में रविवार की सभा के बाद आइसक्रीम खाना शामिल है।

कभी-कभी हम आइसक्रीम कोन खाने में इतना समय लगाते हैं कि हमारे पास अपने बीच में चोटिल लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने का समय नहीं होता है।

**अपना उदाहरण लिखें**

१) मसीही संगति व्यक्तिगत, गहरी और वास्तविक होनी चाहिए।

२) हमें अल्पज्ञता और आकस्मिक चिंताओं से दूर रहना चाहिए। हमें एक दूसरे के जीवन से परिचित होना चाहिए। हम अपने भाई के प्रति दया कैसे दिखा सकते हैं।

३) परमेश्वर के साथ हमारी संगति गहरी है। हम अपनी आत्मा की गहराइयों से परमेश्वर से बात करते हैं। एक दूसरे के साथ हमारी संगति भी गहरी होनी चाहिए।

टिप्पणियाँ —

ख. वास्तविक संगति को नष्ट करने के सबसे तेज़ तरीकों में से एक है कार्यों को पूरा करने पर अपने सम्बन्धों को आधार बनाना।

१) जब एक साथ मिलने का प्राथमिक कारण किसी कार्य को पूरा करना या किसी परियोजना को व्यवस्थित करना होता है, तो हमारे बीच गहरे, वास्तविक सम्बन्ध नहीं हो सकते।

२) एक साथ आने का मुख्य कारण हमेशा परमेश्वर और एक दूसरे के साथ संवाद करना होना चाहिए। हमें उन भाइयों और बहनों के रूप में एक साथ आना चाहिए जो पिता की भलाई के लिए एक दूसरे की भलाई चाहते हैं।

३) जब एक साथ आने का मुख्य कारण किसी कार्य को पूरा करना होता है, तो हम सुसमाचार के क्रम को उलट देते हैं। कर्म से पहले विश्वास बदलकर, विश्वास से पहले कर्म बन जाता है।

क) यीशु को अपने चेलों के साथ एक गहरे सम्बन्ध की आवश्यकता थी। उन्होंने आकस्मिक परिचितों या "कामकाजी सम्बन्धों" को बढ़ावा नहीं दिया।

ख) पश्चिमी मसीही विश्वास की त्रासदी यह है कि मसीह ने समुदाय को प्रेम से भरे हृदयों से भरने पर जो ध्यान दिया था, उसे समुदाय को संख्यात्मक रूप से भरने के ध्यान से बदल दिया गया है।

(१) हमारी कुछ बड़ी सभाओं में हम कभी ध्यान नहीं देंगे कि पिछली सभा में ७५% लोग तब तक नहीं थे जब तक कि ७५% जो वहाँ नहीं थे, उन्हें अन्य लोगों द्वारा प्रतिस्थापित न किया जाए। जब हम समुदाय के सदस्यों को समुदाय में एक भरे हुए स्थान का प्रतिनिधित्व करने के रूप में देखते हैं, तो हम निश्चित रूप से सच्चे समुदाय और संगति को खो देते हैं।

(२) परिणाम भरे हुए जीवन (परमेश्वर के आत्मा से भरा जीवन) के बजाय भरी हुई कुर्सियों (कई लोगों के मौजूद होने) पर ध्यान केंद्रित करना है।

ग) यह उस कलीसिया में नहीं होता है जो यह समझती है कि वास्तविक, गहरी और व्यक्तिगत सम्बन्धों को किस चीज़ की आवश्यकता है। सदस्यों को एक दूसरे के साथ बातचीत करनी चाहिए और अपने जीवन को साझा करना चाहिए। एक इमारत में एक साथ मिलना पर्याप्त नहीं है।

टिप्पणियाँ —

अपना उदाहरण लिखें

**चर्चा का बिंदु**

संगति और सम्बन्धों के बारे में चर्चा को बढ़ावा देने के लिए पिछली अवधारणाओं का उपयोग करें। क्या आपकी सभा का केन्द्र कार्यों को पूरा करने या गहरे सम्बन्धों का अनुभव करने के लिए है?

ग. हम अपनी संगति में वास्तविक सम्बन्धों को कैसे बढ़ावा और अनुभव कर सकते हैं?

१) हमें यह महसूस करना चाहिए कि मसीही समुदाय 'एक बुलाए गए' लोग हैं जो एक वाचा समुदाय के सदस्य हैं। यह वाचा उनके पिता और एक दूसरे के साथ है।

२) हमें इस वाचा को मज़बूत और परिभाषित करना चाहिए। ऐसा करने के लिए, हमें विश्वासियों के एक छोटे समूह के साथ एक वाचा बाँधनी चाहिए।

क) संगति को मज़बूत, वास्तविक, व्यक्तिगत और गहरा बनाने के लिए एक छोटा समूह आवश्यक है।

ख) यह सोचना कि हम ५०० लोगों के साथ उस तरह की संगति कर सकते हैं, संगति को एक वास्तविकता के बजाय एक अवास्तविक सिद्धान्त बनाना है।

**चर्चा का बिंदु**

कलीसिया की संगति से संबंधित किसी भी प्रश्न या टिप्पणियों पर संक्षेप में चर्चा करें।

टिप्पणियाँ —

घ. **कलीसिया की संगति की उपेक्षा।**

१. संगति में सामान्य बाधाएँ।

क. व्यक्तिवाद (विशेषकर चमत्कारी उत्तेजना कलीसियाओं की भेद्यता)। यह संगति के अस्तित्व को नकारता है।

१) व्यक्तिवाद हमारी अपनी आवश्यकताओं से अधिक महत्वपूर्ण दूसरों की आवश्यकताओं को देखने की हमारी क्षमता को बाधित कर सकता है (फिलिप्पियों २:३)

२) यह एक दूसरे का बोझ उठाने की हमारी क्षमता को बाधित कर सकता है (गलातियों ६:२)

३) यह दूसरों के अधीन होने की हमारी क्षमता को बाधित कर सकता है (इफिसियों ५:२१)

४) यह आदर करने में एक दूसरे से आगे निकलने की हमारी क्षमता को बाधित कर सकता है (रोमियों १२:१०)

ख. संस्थावाद (विशेष रूप से मेन लाइन कलीसियाओं में एक भेद्यता)।

१) यह प्राकृतिक संगति के प्रवाह को विनियमित या बलपूर्वक करने का प्रयास करके उसे नकारता है।

२) यह संगति को एक फार्मूला या एक नुस्खा बनाने की कोशिश करता है।

२. विशिष्ट भय जो समुदाय में बाधा डालते हैं।

क. निर्भरता का भय।

१) पश्चिमी संस्कृति स्वतंत्रता को इतना अधिक महत्व देती है कि दूसरों पर निर्भर रहना एक कमजोरी समझा जाता है।

२) हालाँकि, सच्ची बाइबल संगति अपने सदस्यों की पारस्परिक निर्भरता को स्वीकार करती और चाहती है।

टिप्पणियाँ —

**लेखक की टिप्पणी:**

हाथ पर अपनी निर्भरता के लिए पैर की मान्यता केवल तभी स्वाभाविक है जब उसके जूते को उतारने का समय हो।

जब आँख खाने के लिए कुछ अच्छा देखती है तो वह मुंह पर अपनी निर्भरता पर सवाल नहीं उठाती है।

मसीह के शरीर के भीतर विविधता में एकता की मान्यता और स्वीकृति सच्ची संगति के लिए, और प्रभावी सुसमाचार प्रचार और गवाही के लिए भी आवश्यक है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

३) जैरी हॉर्नर ने अपनी पुस्तक लिविंग इन द फैमिली में निम्नलिखित शब्द लिखे हैं:

"जब अलग-अलग मसीही एक दूसरे से देने और प्राप्त करने के लिए स्वयं को दीन करते हैं, परस्पर निर्भरता के घेरे में एक-दूसरे का सामना करते हैं, तो संसार के लिए कलीसिया की गवाही अप्रतिरोध्य होगी।"९

**चर्चा का बिंदु**

उन समस्याओं पर चर्चा करें जो एक दूसरे पर निर्भरता की अनुमति देने या स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक होने के साथ आती हैं।

टिप्पणियाँ —

ख. प्रतिबद्धता का भय।

१) प्रतिबद्धता की स्पष्ट घोषणा के बिना संगति विवाह की प्रतिज्ञा के बिना विवाह के समान है। यह आने वाले तूफ़ानों से भी नहीं बच पायेगा।

क) एक विवाह वाचा और प्रतिबद्धता पर बना होता है।

ख) पति और पत्नी को प्रत्येक स्थिति में यह तय करने की आवश्यकता नहीं है कि वे एक-दूसरे की सहायता करेंगे या नहीं। उन्होंने एक दूसरे के साथ अपनी वाचा में यह निर्णय पहले ही कर लिया है।

२) मसीहियों के रूप में, हमें इस बात का एहसास होना चाहिए कि हम एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

३) हमें यह प्रतिबद्धता सभी मसीहियों के प्रति बनानी चाहिए। विशेष रूप से, हमें मसीहियों के एक छोटे समूह के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट, मज़बूत, विशिष्ट और व्यावहारिक बनाना चाहिए।

क) हम इस प्रतिबद्धता को नहीं बना सकते, क्योंकि यह पहले से ही मौजूद है। हमें इसे सक्रिय रूप से स्वीकार करना चाहिए।

ख) हम प्रतिबद्ध होने का प्रयास नहीं करते हैं। हम प्रतिबद्ध होने के लिए आत्मसमर्पण करते हैं।

ग) कुछ मसीही कह सकते हैं: "मैं इस सेवकाई या उस आत्मिक अनुशासन के लिए स्वयं को समर्पित नहीं करना चाहता।" वास्तविकता यह है कि यदि वे मसीही हैं, तो वे पहले से ही अन्य मसीहियों के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्हें उस प्रतिबद्धता को स्वीकार या अस्वीकार करना चुनना होगा।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ –

**चर्चा का बिंदु**

क्या आपकी संस्कृति या व्यक्तिगत पृष्ठभूमि के कारण आपके लिए प्रतिबद्धताएं बनाना और उन्हें निभाना मुश्किल हो जाता है?
इस सामान्य समस्या पर चर्चा करें।

ग. अंगीकार का भय।

४) एक दूसरे से पापों का अंगीकार (याकूब ५:१६) संगति का एक अनिवार्य हिस्सा है (जैसा कि सब में नहीं, कुछ में पूरी कलीसिया के इतिहास में कई पुनरुत्थानों में देखा गया है)

५) "कलीसिया" शब्द की एकमात्र घटना जो सुसमाचारों में पाई जाती है, अंगीकार और अंगीकार की कमी (या खोलने और बाँधने) के संदर्भ में है।

क) मत्ती १६:१८ और १८:१७ का अध्ययन करें।

ख) संगति की सामर्थ्य (मत्ती १८:१९) को अंगीकार के संदर्भ में भी देखा जाता है।

६) डिट्रिच बोनहोफर ने अपनी पुस्तक लाइफ टुगेदर में बताया है कि:

"वह जो अपने पाप के साथ अकेला है वह बिलकुल अकेला है। अंगीकार में समुदाय की सफलता होती है।"[१०]

क) यह निश्चित रूप से परमेश्वर के साथ हमारे सम्बन्ध में भी सच है।

ख) यह एक दूसरे के साथ हमारे सम्बन्धों में भी सच है। पापों के अंगीकार के बीच में संगति की मज़बूत डोरियाँ बनाई जाती हैं।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ —

७) मसीही अपने पाप के साथ अकेले रहते हैं क्योंकि पाप के उजागर होने पर कलीसिया की स्व-धर्मी प्रतिक्रिया होती है।

८) कलीसिया के कुछ हिस्सों में पाप के बारे में अस्वस्थ और कपटी रवैया है।

क) अकसर जब कोई अपने पापों का अंगीकार करता है, तो दूसरे उस व्यक्ति के साथ संगति करना नहीं चाहते हैं। कितना दूर्भाग्यपूर्ण है! नए नियम की कलीसिया में इसके विपरीत सच था। यह तब हुआ जब तक कोई अपने पाप का अंगीकार न करले, तब तक दूसरे लोग उसके साथ नहीं जुड़ेंगे।

(१) नए नियम में, यह समझा जाता है कि कलीसिया के सदस्य पापी हैं (१यूहन्ना १:८)

(२) यह समझा जाता है कि उन्हें अपने पापों का अंगीकार करने की आवश्यकता है (१यूहन्ना १:९)

(३) इसके अलावा, यह समझा जाता है कि उन्हें अपने पापों का एक दूसरे के सामने अंगीकार करने की आवश्यकता है (याकूब ५:१६)

ख) अस्वस्थ व्यवहार पवित्रता और धार्मिकता की झूठी भावना का परिणाम है।

(१) हम गंदे हैं। यीशु पवित्र और धर्मी हैं। यह हम में यीशु ही है जो हमें पवित्र और धर्मी बनाता है।

(२) सभी अपने जीवन में यीशु की महिमा या "हमेशा विद्यमान उपस्थिति" से वंचित हो गए हैं। अर्थात्, सभी मसीही कभी-कभी यीशु को अपने जीवन में आने देने में असफल हो जाते हैं। इस प्रकार, सभी मसीही कुछ हद तक पाप करते हैं। इस प्रकार, सभी मसीहियों को पापों का अंगीकार करने की आवश्यकता है।

(३) यह हमारे लिए बहुत बड़े अचम्भे की बात नहीं होनी चाहिए। हमारी प्रतिक्रिया आत्म-धार्मिक आश्चर्य की नहीं होनी चाहिए। हम सभी पापी हैं और हम सभी को अपने पापों का अंगीकार करने की आवश्यकता है।

टिप्पणियाँ —

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा को बिंदु**

जब कोई आपके सामने अपने पाप का अंगीकार करता है तो आप कैसे प्रतिक्रिया देते हैं? क्या आप उनके पाप के कारण उनके बारे में अलग तरह से सोचते हैं? क्या आपकी कलीसिया में ऐसा वातावरण है जो पाप को अंगीकार करने की अनुमति देता है? यदि आवश्यक हो तो क्या आप इसे शुरू करने के इच्छुक हैं?

९) जब तक हम अपने मुखौटे नहीं उतारते (अपने दोषों को छिपाने की कोशिश करना बंद नहीं करते) और इस तथ्य को स्वीकार नहीं करते कि हमारे पास एक पापी स्वभाव है, तब तक हम कलीसिया में पारदर्शी संगति के लिए वातावरण स्थापित करने में सक्षम नहीं होंगे। हम एक दूसरे के सामने अपने पापों का अंगीकार नहीं कर पाएंगे।

क) डेविड वाटसन सत्य के ये शब्द बोलते हैं:

"वास्तविक संगति तब होती है जब मसीही धर्मी संतों के रूप में एक दूसरे को जोड़ना बंद कर देते हैं, और एक दूसरे को अधर्मी पापी के रूप में स्वीकार करते हैं।"[११]

ख) कुछ धर्मशास्त्र कहते हैं कि पाप का अंगीकार विश्वास का इनकार है।

(१) "समृद्धि धर्मशास्त्र," "अभिभावकता धर्मशास्त्र," और "सकारात्मक स्वीकरण धर्मशास्त्र" के कुछ चरम रूप पापों को स्वीकार करने की अनुमति नहीं देते हैं।

(२) वे कहते हैं कि यह एक "नकारात्मक" अंगीकार होगा। वे कहते हैं कि पाप का अंगीकार करना विश्वास के द्वारा हम जो हैं उसे नकारना है। वे कहते हैं कि विजय को देखो और पराजय से दूर रहो।

(३) ये धर्मशास्त्र विश्वासी के जीवन में विजय पर इतना ध्यान केंद्रित करते हैं कि वे भूल जाते हैं कि विजयी कौन है। यह हम में यीशु है। यह हम में नहीं है। हम उसमें विजयी हैं।

ग) पाप का अंगीकार करना विश्वास को अस्वीकार करना नहीं है क्योंकि हमारा विश्वास स्वयं में नहीं है।

**चर्चा का बिंदु**

क्या आपकी पृष्ठभूमि ने संगी विश्वासियों के सामने पाप अंगीकार करने को हतोत्साहित किया है? क्या आप देख सकते हैं कि यह कैसे सच्ची संगति को रोकता है? केवल दूसरों के साथ, लेकिन परमेश्वर के साथ भी? इस मुद्दे पर चर्चा करें।

**१०)** अंगीकार का समुदाय एक ऐसा समुदाय होना चाहिए जो जोखिम लेने के लिए तैयार रहे। यह एक ऐसा समुदाय होना चाहिए जो खुला और पारदर्शी हो।

क) कई मसीही इस प्रकार के विचारों और शब्दों से डरते हैं। पारदर्शी होने में जोखिम है। हालाँकि, विकल्प को चुनना अपने जीवन की खिड़कियों को बंद करना है। हम सब एक ही गली में रह सकते हैं, लेकिन कोई भी अपने घर से बाहर नहीं निकलता है और न ही कोई दूसरों को अंदर आने देता है।

ख) स्वयं को गलत समझे जाने और ठेस लगने के भय को एक दूसरे के सामने अपने पापों का अंगीकार करने से नहीं रोकना चाहिए।

ग) ऐसा करने का तरीका स्वयं के लिए मरना है। एक निस्वार्थ व्यक्ति को नाराज़ नहीं किया जा सकता क्योंकि अपमान करने के लिए अहम् नहीं बचा है।

टिप्पणियाँ –

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा को बिंदु**

क्या आप संवेदनशील और पारदर्शी होने में सक्षम हैं? यदि आप एक विरोधाभासी उदाहरण प्रदर्शित करते हैं, तो क्या आप दूसरों को खुले रहने और अपने पापों का अंगीकार करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं? चर्चा करें।

ङ. **आवश्यकता, स्वभाव और उपेक्षा के निष्कर्ष।**

१. शायद जब हम इस विचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि समुदाय एक आदर्श नहीं है, वरन् एक पहले से स्थापित तथ्य है, तो हम वास्तविक समुदाय और संगति को होने देना शुरू कर देंगे।

क. हमें संगति को बनाने की आवश्यकता नहीं है। हम पहले से ही एक संगति हैं।

ख. जैसा कि मसीह के साथ हमारे चलने के कई अन्य पहलुओं के साथ है, हमें प्रयास करना बंद कर देना चाहिए और समर्पण करना शुरू कर देना चाहिए। हमें कुछ बनाने की कोशिश करना बंद कर देना चाहिए और किसी की आज्ञा मानने का प्रयास करना शुरू कर देना चाहिए।

१) हमें उसे बनाने की कोशिश करना बंद कर देना चाहिए और उसे स्वीकार करना शुरू कर देना चाहिए जिसे पहले से ही सृष्टिकर्ता ने बनाया है।

२) हमें एक आदर्श समुदाय का सपना देखना बंद कर देना चाहिए और मौजूदा समुदाय में रहना शुरू कर देना चाहिए।

टिप्पणियाँ –

२. हमें यह याद रखना चाहिए कि पिता के साथ संगति उसकी संतानों के साथ संगति के समान है। एक के बिना दूसरे का सफलतापूर्वक अस्तित्व नहीं हो सकता।

क. हमें भाइयों और बहनों को वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे हैं, भले ही वे हमसे अलग हों। यह परिवार का मूल नियम है। एक भाई "व्यक्तित्व भिन्नता" के कारण एक बहन के साथ संगति करने से इंकार नहीं करता है (रोमियों १५:७ पर विचार करें)

ख. ऐसा प्रतीत होता है कि हम शरीर की संगति के लिए अधिक आसानी से एकजुट हो जाते हैं जो कि आत्मा की संगति की तुलना में अस्थायी है जो कि अनंत है। सांसारिक परिवारों में हमारी संगति महत्वपूर्ण और आवश्यक है, लेकिन आत्मिक परिवार में यह और भी महत्वपूर्ण और आवश्यक है।

१) हमारे पास एक अनंत दृष्टिकोण होना चाहिए। हमें अब उस समुदाय में रहना शुरू कर देना चाहिए जिसमें हम अनंत काल तक रहेंगे।

२) निश्चित रूप से परमेश्वर का राज्य हमारे बीच में है, परमेश्वर का समुदाय हमारी पहुँच में है। मसीह में मसीही संगति संभव है।

**चर्चा का बिंदु**

कलीसिया की संगति की उपेक्षा से संबंधित किसी भी प्रश्न या टिप्पणी पर संक्षेप में चर्चा करें। कलीसिया की संगति की आवश्यकता, स्वभाव या उपेक्षा से संबंधित किसी पर भी चर्चा करें।

टिप्पणियाँ –

**IV आधुनिक समय के अनुप्रयोग: मसीही संगति और जनजातीयता।**

**क. प्रस्तावना**

१. जनजातीयता की परिभाषा।

क. मध्य अफ्रीका में कई अलग-अलग जनजातियाँ हैं। उदाहरण के लिए, बटुसी और बहुतु हैं।

१) बटुसी बहुतु से लम्बे होते हैं। वे शारीरिक रूप से श्रेष्ठ हैं और पीढ़ियों से बहुतु को नीचा मानते आ रहे हैं। उन्होंने कुछ हद तक बहुतु को नियंत्रित किया है। बहुतु, बटुसी से घृणा करते हैं।.

२) बटुसी और बहुतु एक दूसरे को पसंद नहीं करते। अपने ही गोत्र के प्रति निष्ठा दूसरे गोत्र के प्रति घृणा को बढ़ाती है। वे एक-दूसरे के प्रति अपनी धारणाओं और वफादारी/घृणा की गतिशीलता से अलग हो जाते हैं।

३) इसे जनजातीयता कहा जाता है।

क) भारत में इसे जाति व्यवस्था कहा जाता है।

ख) दक्षिण अफ्रीका में इसे रंगभेद कहा जाता है।

ग) संयुक्त राज्य अमेरिका में, इसे अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ भेदभाव कहा जाता है।

घ) कलीसिया में इसे पंथवाद कहा जाता है।

टिप्पणियाँ —

ख. चाहे नाम कुछ भी हो, पक्षपात या भेदभाव पाप के एक ही मिश्रण से आता है।

१) वे स्वार्थ और गर्व से आते हैं जो असुरक्षा में निहित हैं।

२) जहाँ भी आपको यह पाप मिलता है, वहाँ यही परिणाम होता है:

क) बँटवारा

ख) असमानता

३) यदि सिर्फ यह कहा जाये, जनजातीयता वास्तविक संगति के अवसर को नष्ट कर सकती है।

**चर्चा का बिंदु**

क्या आप देख सकते हैं कि कैसे हमारे जातीय, सांस्कृतिक, सामाजिक और यहाँ तक कि पंथवाद पक्षपात भी जनजातीयता की तरह हैं? क्या आप इसे पाप मानते हैं? क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति का उदाहरण बनने के लिए तैयार हैं जो इन पक्षपातों या भेदभाव के पक्ष में नहीं है?

२. मसीही संगति और जनजातीयता की अवधारणाएं एक साथ मौजूद नहीं हो सकती हैं।

क. अफ्रीका में जनजातीयता एक बहुत मज़बूत ताकत है। यह लोगों के विभिन्न और विविध समूहों को सांस्कृतिक पहचान और गौरव प्रदान करता है।

१) यह कलीसिया को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और सुसमाचार की प्रगति को धीमा कर देता है।

२) जब कलीसियाओं के भीतर जनजातीयता का अभ्यास किया जाता है, तो यह उस एकता को नष्ट कर देता है जो यीशु चाहते हैं (यूहन्ना १७:२०,२१)

टिप्पणियाँ —

**लेखक की टिप्पणी :**

मैंने अफ्रीकी कलीसियाओं में जनजातीयता के प्रभावों को देखा है। मैंने देखा है कि कैसे एक व्यक्ति जिसने एक ही कार्यकिया और जिसकी साख दूसरों की तुलना में अधिक थी, उसके साथ जनजाति भेदभाव के कारण अलग व्यवहार किया गया। उसे आधा वेतन दिया गया था और वही कार्य करने वाले अन्य लोगों के विशेषाधिकारों में से कुछ भी उसे नहीं दिया गया था (यह कलीसिया के भीतर एक नौकरी थी)।

ख. मसीही संगति के विचार को सिखाने और समझने का उपयोग जनजातीयता की भावना को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है, जो कई रूपों में, अलग-अलग नामों से, संसार भर की कलीसियाओं में मौजूद हो सकता है।

ग. बाकी का पाठ्यक्रम शिक्षण के विभिन्न बिंदुओं का सुझाव देगा जिनका उपयोग कलीसिया में संगति को बढ़ावा देने और जनजातीयता को समाप्त करने के लिए किया जा सकता है।

**अपना उदाहरण लिखें:**

**ख. निष्ठा/विश्वासयोग्यता**

१. आधुनिक जनजातीयता एक मजबूत सामाजिक शक्ति है। कई बार इसका परिणाम देश की तुलना में जनजाति के प्रति अधिक निष्ठावान होता है।

क. उदाहरण के लिए, सी.आई.एस. जैसे देशों में जो कुछ हुआ है, उसकी यही वास्तविकता है। और जिसे यूगोस्लाविया कहा जाता था। अपने "देश" की तुलना में अपने "लोगों" के प्रति अधिक निष्ठा रखने वाले विभिन्न लोगों के समूह ने स्वयं को एक देश के नियंत्रण से अलग कर लिया है।

ख. कलीसिया के सम्बन्ध में, समस्या तब आती है जब एक मसीही अपने विश्वास और अपनी कलीसिया की तुलना में अपने गोत्र के प्रति अधिक निष्ठा रखता है।

टिप्पणियाँ –

२. निष्ठा के सम्बन्ध में मन का नवीनीकरण होना चाहिए (रोमियों १२:२)

क. अफ्रीकी मसीहियों को इस बात का एहसास होना चाहिए कि वे नई रचनाएँ हैं और **सभी** चीजें नई हो गई हैं (२कुरिन्थियों ५:१७)

ख. मसीहियों को एक नई निष्ठा के लिए बुलाया जाता है।

१) इसका अर्थ यह नहीं है कि वे अपने परिवार और गोत्र के प्रति निष्ठा नहीं दिखा सकते।

२) इसका अर्थ यह है कि मसीह के प्रति उनकी नई निष्ठा उनके गोत्र के प्रति उनकी पुरानी निष्ठा से कहीं अधिक होनी चाहिए।

३. जनजातीय निष्ठा तीन स्तरों पर मौजूद है:

क. परिवार के प्रति निष्ठा।

ख. मुखिया के प्रति निष्ठा।

ग. जनजातीय समुदाय के प्रति निष्ठा।

४. इनमें से प्रत्येक स्तर पर मन का नवीनीकरण होना चाहिए।

क. परिवार के सम्बन्ध में, मसीह के प्रति निष्ठा परिवार के प्रति निष्ठा से इतनी अधिक होनी चाहिए कि लूका १४:२६ एक वास्तविकता बन जाए, "यदि कोई मेरे पास आये, और अपने पिता और माता और पत्नी और बच्चों और भाइयों और बहनों वरन् अपने प्राण को भी अप्रिय न जाने, तो वह मेरा चेला नहीं हो सकता।"

१) इसका अर्थ यह नहीं है कि मसीहियों के पास अपने परिवारों के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा नहीं है। (देखें मरकुस ७:१० और १तीमुथियुस ५:८)।

२) हालाँकि, मसीह और उसके परिवार के प्रति उच्च निष्ठा होनी चाहिए।

टिप्पणियाँ —

ख. कबीले के प्रधान और सरकार का आदर करते हुए अफ्रीका के मसीहियों को प्रेरितों ५:२९ कहने में सक्षम होना चाहिए, "मनुष्यों की आज्ञा से परमेश्वर की आज्ञा का पालन करना ही हमारा परम कर्तव्य है ।"

१) इसका अर्थ यह नहीं है कि मसीही अधिकारियों का पालन नहीं करते हैं या शासकों के प्रति आदर नहीं दिखाते हैं (रोमियों १३:१-७ देखें)।

२) हालाँकि, मसीह और परमेश्वर के राज्य की सरकार के प्रति उच्च निष्ठा है।

ग. जनजाति समुदाय के सम्बन्ध में, अफ्रीकी मसीही को उस प्राथमिकता से सहमत होना चाहिए जो गलातियों ६:१० में पाई जाती है, "इसलिए, जहाँ तक अवसर मिले हम सब के साथ भलाई करें, विशेष करके विश्वासी भाइयों के साथ। "

१) इसका अर्थ यह नहीं है कि मसीहियों को अपने गोत्रों को छोड़ देना चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं है कि मसीही अपने लोगों की सहायता नहीं कर सकते।

२) हालाँकि, मसीह और मसीह समुदाय के प्रति अधिक निष्ठा है।

घ. जनजाति और मुखिया के प्रति निष्ठा को बदलने की आवश्यकता नहीं है। निष्ठा के विचार के भीतर प्राथमिकताएं बदलनी चाहिए। एक उच्च निष्ठा है क्योंकि एक उच्च नागरिकता है (इफिसियों २:१९; फिलिप्पियों ३:२०)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

**चर्चा का बिंदु**

परिवार, सरकार और समुदाय से सम्बंधित निष्ठा को प्राथमिकता देने के लिए मसीही की प्रतिक्रिया पर चर्चा करने के लिए पिछली अवधारणाओं का उपयोग करें।

टिप्पणियाँ —

**ग. एक परिवार के निहितार्थ।**

१. इफिसियों २:१९ और गलातियों ६:१० में हम कलीसिया की संगति के अध्ययन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द की पुनरावृत्ति देख सकते हैं। घरेलू शब्द परमेश्वर के लोगों की "एकता" की ओर संकेत करता है।

क. इफिसियों २:११-२२ में पौलुस इस विचार को स्पष्ट करते हुए बताता है कि मसीह में सब **एक** ही (गोत्र) हैं।

ख. यह पक्षपात या भेदभाव की प्रथा को असंभव बना देता है, क्योंकि इसके अस्तित्व के लिए कम से कम दो समूह होने चाहिए। एक समूह दूसरे समूह के साथ भेदभाव करता है। अगर शुरुआत करने के लिए केवल एक ही समूह है, तो भेदभाव संभव ही नहीं है।

ग. इस प्रकार, कलीसिया के भीतर जनजातीयता वास्तव में संभव नहीं है क्योंकि जनजातीयता के अस्तित्व के लिए कम से कम दो जनजातियों की आवश्यकता है। सुसमाचार ने सभी गोत्रों को एक गोत्र बना दिया है।

२. मसीह की एक देह।

क. इफिसियों २:१४ में, पौलुस दोनों समूहों को "विभाजन करने वाली शहरपनाह की दीवार को तोड़कर" एक बनाने के बारे में लिखता है।

१) इतिहास में इससे अधिक शक्तिशाली जनजातीयता कभी नहीं हुई, जो इस्राएल के गोत्रों और अन्यजातियों के गोत्रों के बीच में थी।

२) वे एक दूसरे से ईर्ष्या करते थे। हालाँकि, प्रारंभिक कलीसिया में, उन्हें यह महसूस करने की आवश्यकता थी कि मसीह उनके बीच की दीवार को तोड़ने के लिए आए थे।

३) हमें भी, मसीह को उन दीवारों को तोड़ने की अनुमति देनी चाहिए जो हमें विभाजित करती हैं। नस्लीय और जनजाति अवरोध दीवारों के रूप में खड़े हैं जिन्हें तोड़ा जाना चाहिए।

टिप्पणियाँ –

ख. इफिसियों २:१६ में, पौलुस इन दीवारों को तोड़ने वाले मसीह के परिणाम के बारे में लिखता है।

१) परिणाम यह है कि केवल **एक** ही देह है।

२) फिर से, निम्नलिखित शब्दों की सच्चाई पर विचार करें: **जनजातीयता** (भेदभाव और पक्षपात) **के अस्तित्व के लिए कम से कम दो समूहों की आवश्यकता होती है। यह मसीह की एक देह में संभव नहीं है। आप अपने साथ भेदभाव नहीं कर सकते।**

३) गौर कीजिए कि इफिसियों ५:२८,२९ का सिद्धान्त इस सच्चाई पर कैसे लागू हो सकता है।

ग. इफिसियों ४:४-६ का अध्ययन करें। ध्यान दें कि कैसे पौलुस "एकता" के विचार को दोहराता है और उस पर बल देता है।

घ. १कुरिन्थियों १०:१६,१७ का अध्ययन करें

१) ध्यान दें कि कैसे पौलुस "एकता" के विचार को दोहराता और उस पर बल देता है।

२) पद १७ में "इसलिए" शब्द इस कारण का परिचय देता है कि कलीसिया में जनजातीयता क्यों नहीं हो सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सभी मसीही **एक** रोटी खाते हैं। केवल **एक** क्रूस है।

३) इस प्रकार, मसीहियों के लिए बल उन चीज़ों पर है जो सामान्य और साझा है। यह ऐसी चीजें नहीं हैं जो अलग और विभाजित हैं।

३. परमेश्वर का **एक** परिवार।

क. हमें फिर से जन्म लेने के विचार को शामिल करना चाहिए।

१) जनजातीयता शारीरिक जन्म का परिणाम है। आप एक ऐसे गोत्र में पैदा हुए हैं जो दूसरे गोत्र से घृणा करता है। इस प्रकार, आप दूसरी जनजाति से ईर्ष्या करते हैं।

२) कलीसिया में संगति आत्मिक जन्म का परिणाम है। मसीही एक ही परिवार में पैदा होते हैं।

क) एक बटुसी एक बटुसी से पैदा होता है। एक बहुतु एक बहुतु से पैदा होता है। वे जनजातीयता में पैदा हुए हैं।

ख) एक बटुसी एक मसीही के रूप में फिर से पैदा होता है। एक बहुतु एक मसीही के रूप में फिर से पैदा होता है। वे फिर से संगति में पैदा होते हैं।

टिप्पणियाँ —

**चर्चा का बिंदु**

"एकता" की अवधारणा से संबंधित प्रश्नों पर चर्चा करें और उत्तर दें।

**घ. प्रभु भोज।**

१. १कुरिन्थियों ११:१७-२४ का अध्ययन करें। जनजातीयता (या किसी अन्य प्रकार के पक्षपात और भेदभाव) के खतरे के बीच इस अनुच्छेद का एक विशिष्ट अध्ययन और समझ बहुत प्रभावी ढंग से संगति को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

क. नए नियम की कलीसिया में, प्रभु भोज को अकसर "अगापे प्रेम भोज" के संदर्भ में दिया जाता था।

१) हालाँकि, कुरिन्थ में संगति और प्रेम के वातावरण का स्थान विभाजन और स्वार्थ ने ले लिया।

२) पी. थिसेन ने अपनी पुस्तक द सोशल सेटिंग ऑफ पॉलीन क्रिश्चियनिटी में कुरिन्थ की स्थिति के बारे में निम्नलिखित शब्द लिखे हैं:

"प्रभु भोज, मसीह की देह की एकता के लिए आधार प्रदान करने के बजाय, सामाजिक मतभेदों को प्रदर्शित करने का अवसर बनने के खतरे में है।"[१२]

३) इन मतभेदों का आधार जनजातियों के बीच मतभेदों के आधार के विपरीत नहीं है जो जनजातीयता की ओर ले जाता है।

क) कुरिन्थियों ने अपने अगुवों को जिस प्रकार देखा, उसका एक विभाजनकारी प्रभाव था।

(१) १कुरिन्थियों ११:१८,१९, १कुरिन्थियों १:१२, और ३:३-५ के निहितार्थों का अध्ययन करें।

(२) अफ़्रीकी अपुल्लोस, कैफ़ा और पौलुस को "प्रमुख" कह सकते हैं।

टिप्पणियाँ –

ख) वहाँ आर्थिक विभाजन थे।

(१) १कुरिन्थियों १:२६; ७:२०-२४; और १२:१३ पर विचार करें। कुछ कुरिन्थियों के विश्वासी, दास थे और बहुत से अमीर घर में पैदा नहीं हुए थे। कई शायद बहुत गरीब थे।

(२) रोमियों १६:२३ और प्रेरितों के काम १८:८ पर ध्यान दें। उसी समय, कुरिन्थ के कुछ विश्वासी शायद बहुत धनी थे। गयुस के पास पूरी कलीसिया की मेजबानी करने के लिए आर्थिक साधन थे। इरास्तुस नगर का कोषाध्यक्ष था। क्रिस्पस आराधनालय का अगुवा था।

(३) जनजातीयता आर्थिक विभाजन का परिणाम हो सकती है।

ग) वहाँ धार्मिक विभाजन थे।

(१) कुरिन्थ की कलीसिया में यहूदी और अन्यजाति दोनों शामिल थे।

(२) जनजातीयता विभिन्न धार्मिक मान्यताओं का परिणाम हो सकती है।

ख. सामाजिक मतभेदों के बीच, पौलुस ने एकता के बारे में सिखाने के तरीके के रूप में प्रभु भोज पर ध्यान केंद्रित किया। समकालीन मसीही भी ऐसा ही कर सकते हैं। कलीसिया में जनजातीयता को प्रभु भोज की शिक्षा और अभ्यास के द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

**चर्चा का बिंदु**

चर्चा करें कि कैसे विभाजन के मुद्दे अभी भी पहली शताब्दी से आज तक जुड़े हुए हैं।

टिप्पणियाँ —

२. १कुरिन्थियों ११:१७-२२ की समीक्षा करें । पौलुस ने कुरिन्थियों को उनके प्रकार के प्रभु भोज के लिए फटकार लगाई (पद १७,२२)।

क. उस समय सामाजिक दावतें आयोजित की जाती थीं जहाँ वहाँ के सदस्य एक साथ भोजन करने आते थे। प्रत्येक सदस्य को सामाजिक स्थिति के अनुसार भोजन बाँटा जाता था। दावत में, कुछ सदस्यों ने अन्य सदस्यों की तुलना में अधिक भोजन और बेहतर भोजन किया।

ख. ऐसा ही कुरिन्थ के प्रेम उत्सवों में हो रहा था जहाँ प्रभु भोज परोसा जाता था। धनी मसीही तब तक खा-पी रहे थे जब तक उनका पेट नहीं भर गया, जबकि गरीब मसीहियों के पास कुछ भी नहीं था (समीक्षा १कुरिन्थियों ११:१७-२२ की समीक्षा पद ३३,३४ से करें)।

ग. प्रभु भोज एकता के उत्सव के बजाय असमानता का प्रगटीकरण बन गया।

१) इसलिए, जब वे एक साथ मिले, तब प्रभु-भोज खाने के लिए नहीं मिले थे। उनके प्रभु भोज के रूप ने वास्तविक प्रभु भोज को नकार दिया। यह एक विरोधाभास था।

२) निम्नलिखित आरेख का अध्ययन करके देखें कि कैसे पौलुस ने १कुरिन्थियों ११:१७-२२ के अपने लेखन में इस विरोधाभास का वर्णन किया।

| पद | विरोधाभास | टिप्पणी |
|---|---|---|
| १८ | एक साथ एक कलीसिया के रूप में आओ<br>\|\|<br>विभाजन | "कलीसिया" और "एक साथ" के विचार "विभाजन" के विचार के अनुरूप नहीं हैं |
| २०,२१ | प्रभु भोज<br>\|\|<br>स्वयं का भोज | स्वार्थ उत्सव की भावना को नकारता है |
| २१ | भूख<br>\|\|<br>मतवाला | असमानता उत्सव के सार को नकारती है |
| १७ | बेहतर<br>\|\|<br>बहुत बुरा | दुखद हकीकत |

टिप्पणियाँ –

३) चाहे वह कुरिन्थ, अफ्रीका, या संसार में कहीं भी हो; असमानता, स्वार्थ और पक्षपात क्रूस के उत्सव के अनुरूप नहीं हैं जो एकता, निस्वार्थता और समानता लाए।

३. एक "अनुचित रीति" क्या है (पद २७)?

क. "अनुचित ग्रीक शब्द "एनाक्सिओस" ("ए" और "एक्सियोस") का अनुवाद है।

१) "एक्सियोस" का अर्थ है पैमाने के दूसरे छोर को ऊपर लाना या समानता लाना। समानता केंद्रीय विचार है।

२) "एन" का अर्थ है "नहीं।"

३) इस प्रकार, "एनाक्सिओस" शब्द या "अनुचित" का अर्थ है "बराबर नहीं" या "असंतुलित"।

ख. प्रभु-भोज को "अनुचित रीति से" लेना असमानता के रूप में लेना है। यह उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो पक्षपात या भेदभाव की मनोवृत्ति या कार्य के साथ प्रभु भोज ले रहे थे।

१) सी.के. बैरेट ने अपनी पुस्तक <u>ए कमेंट्री ऑन द फर्स्ट एपिस्टल टू द कोरिंथियंस</u> में लिखा है:

"अनुचित रीति से खाने-पीने का अर्थ है कि मसीह के आत्म बलिदान के उद्देश्य और उस आत्मा का खंडन करना जिसमें वह बनाया गया था।"[१३]

२) मसीह की मृत्यु (जिसे प्रभु भोज माना जाता है) ने एकता, समानता और भेदभाव को समाप्त किया (इफिसियों ३:६)।

टिप्पणियाँ –

३) उनकी मृत्यु की भावना बलिदान, प्रेम और आत्म -त्याग में से एक थी।

क) के कुछ मसीही इस तरह से प्रभु भोज मना रहे थे जो इस भावना के बिल्कुल विपरीत था।

(१) बलिदान के बजाय वे स्वयं को भर रहे थे, जबकि अन्य भूखे रह गए।

(२) वे प्रेम की जगह अपने भाइयों के प्रति उदासीनता दिखा रहे थे।

(३) स्वयं को नकारने के बजाय, वे दूसरों को नकार रहे थे।

ख) इन मनोवृत्तियों और कार्यों के साथ प्रभु भोज लेना मसीह की देह और लहू के विरुद्ध पाप करना था। यह क्रूस के कार्य को तुच्छ समझना और अपने स्वयं के छुटकारे को कम आंकना था।

**लेखक की टिप्पणी:**

प्रभु भोज को स्वार्थी और पक्षपातपूर्ण तरीके से लेना डॉ. मार्टिन लूथर किंग (जिन्होंने अश्वेतों के लिए समान अधिकारों के लिए अपना जीवन दिया) के "सम्मान में" स्मरण भोज करने और सभी अश्वेतों को पीछे करने जैसा होगा।

मार्टिन लूथर किंग के लिए भोज उनके विरुद्ध होगा (१कुरिन्थियों ११:१७ को देखें)।

यह वास्तव में उनके द्वारा बहाए गए लहू का अपमान या पाप होगा (१कुरिन्थियों ११:१७ को देखें)।

भोज डॉ. किंग के अयोग्य होगा और वास्तव में उनका मज़ाक उड़ाने जैसा होगा (१कुरिन्थियों ११:१७ को देखें)।

**अपना उदाहरण लिखें:**

टिप्पणियाँ –

ग) जनजातीयता और प्रभु भोज को मिलाना नहीं चाहिए। जनजातीयता प्रभु भोज के **योग्य नहीं है।**

१) जनजातीयता का पक्षपात स्वार्थी अभिमान का परिणाम है। प्रभु भोज निःस्वार्थ नम्रता का परिणाम है (फिलिप्पियों ३:८)

२) जनजातीयता का पक्षपात असुरक्षा का परिणाम है। प्रभु भोज सुरक्षा का परिणाम है (यूहन्ना १३:१-३)

४. "देह को ठीक से न पहचानना" क्या है (पद २९)?

क. सामान्य संदर्भ १कुरिन्थियों १०:१७ है जहाँ "देह" कलीसिया या विश्वासी है।

ख. अगला संदर्भ कलीसिया या "देह" के विभिन्न सदस्यों के कार्यों से संबंधित है।

१) "देह" को ठीक से न पहचानना कलीसिया के सदस्यों के साथ गलत तरीके से पक्षपात करना है।

२) यह किसी के कार्यों या दृष्टिकोण के द्वारा "देह" की किसी अन्य समान सदस्य के विरुद्ध भेदभाव करना है।

३) परिणाम न्याय है (पद २९,३० को देखें)।

ग. जनजातीयता के कार्य और दृष्टिकोण कीदेह को ठीक से नहीं पहचानते। इसका परिणाम आज भी वही है जो २००० वर्ष पहले था। परिणाम न्याय है।

टिप्पणियाँ —

५. मसीही संगति और जनजातीयता के बारे में सारांश और निष्कर्ष।

क. सारांश।

१) पौलुस प्रभु भोज के दुरुपयोग को पद १७-२२ में बताता है।

२) वह प्रभु-भोज के सच्चे अभ्यास के प्रकाश में इसे रखकर दुरुपयोग को बताता है (पद २३-२६)।

३) वह दुरुपयोग के निहितार्थ और परिणामों को परिभाषित करता है (पद २७-३२)।

४) वह दुरुपयोग को समाप्त करने के निर्देश देता है (पद ३३,३४)

५) इन निर्देशों को अफ्रीकी मसीहियों के लिए समझा जा सकता है जो जनजातीयता का अभ्यास करते हैं, " "यदि कोई दूसरे गोत्र का हो, तो वह अपने पक्षपात को घर पर छोड़ दे, कि तुम न्याय के लिथे इकट्ठे न होओ।"

ख. निष्कर्ष।

१) बहुत से लोगों को लगता है कि अफ्रीका में जनजातीयता की समस्याओं का कोई समाधान नहीं है। विभिन्न अफ्रीकी देशों की राजनीतिक सरकारों ने जनजातीयता का विकल्प नहीं दिया है।

२) मसीही विश्वास ही एकमात्र विकल्प है। जनजातीयता के विभाजन को क्रूस की एकता द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए। कलीसिया की संगति के माध्यम से ही ऐसा हो सकता है।

३) इसी तरह, क्रूस की एकता पक्षपात और भेदभाव के अन्य रूपों पर लागू होती है जो संसार भर में प्रचलित हैं। मसीही विश्वास और कलीसिया की सच्ची संगति इन समस्याओं के वैश्विक समाधान का प्रतिनिधित्व करती है।

**चर्चा का बिंदु**

मसीही संगति और जनजातीयता के हमारे अध्ययन से संबंधित किसी भी टिप्पणी या प्रश्न पर चर्चा करें।

टिप्पणियाँ —

**कलीसिया की संगतिः समाप्ति नोट**

[१]Michael P. Green, ed. Illustrations for Biblical Preaching (Grand Rapids, MI: Baker Book House, १९८९), p.२२५.

[२]Ralph Martin, The Family and the Fellowship (Grand Rapids, MI: Wm. B. Eerdmans, १९७९), p. १५.

[३]David Watson, Called and Committed (Wheaton, Ill: Harold Shaw Publishers, १९८२), p. ३०.

[४]Howard Snyder, The Community of the King (Downers Grove, Ill: Inter- Varsity Press, १९७७), p. ७४.

[५]Ibid., p. ७४.

[६]Watson, p. १८.

[७]Ibid., p. २०.

[८]Ibid., p. २४.

[९]Jerry Horner, Living in the Family (Lamp Press, १९८२), p. ३५.

[१०]Dietrich Bonhoeffer, Life Together (New York, N.Y.: Harper and Row Publishers, १९५४), pp. ११०, ११२.

[११]Watson, p. ३१.

[१२]P. Theissen, The Social Setting of Pauline Christianity (Philadelphia: Fortress Press, १९८२), p. १६०.

[१३]C.K. Barrett, A Commentary on the १st Epistle to the Corinthians (N.Y.: Harper and Row, १९६८), p. २७२, २७३.